राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018

क्रमांकः RSSB / 2021 / AFO-FM / विज्ञप्ति / 460 दिनांकः– 25/08/21

प्रेस विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 10.08.2021 को विज्ञप्ति जारी कर सहायक अग्निशमन अधिकारी तथा फायरमैन हेतु आवेदन मांगे गये थे। सहायक अग्निशमन अधिकारी की शैक्षणिक योग्यता स्नातक उपाधि और नेशनल फायर सर्विस कॉलेज नागपुर से सम्पादित सब–ऑफिसर पाठयक्रम या केन्द्रीय या किसी राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य संचालित पाठयक्रम एवं समकक्ष रखी गई है। फायरमैन के लिये सेकेन्ड्री और केन्द्रीय या किसी राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्था द्वारा संचालित न्यूनतम छः माह की अवधि का बेसिक एलिमेन्ट्री फायरमैन प्रशिक्षण एवं समकक्ष योग्यता रखी गयी है।

ऐसा ध्यान में आया है कि कुछ गैर मान्य संस्थाऐं अवैध प्रमाण पत्र इन भर्तियों हेतु जारी कर रही हैं। अभ्यर्थियों को सतर्क किया जाता है कि विधि सम्मत मान्यता प्राप्त संस्थाओं के प्रमाण पत्र वास्तव में जिन्होने छः माह की सम्पूर्ण अवधि तक नियमित कोर्स करके प्रमाण पत्र प्राप्त किए हो एसे ही आवेदन के साथ संलग्न करें।

समस्त आवेदन पत्रों की जांच दस्तावेज सत्यापन के समय गहनता से की जायेगी। प्रमाण पत्रों का भौतिक सत्यापन स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा भी करवाया जावेगा। यदि किसी आवेदन पत्र में गैर मान्यता प्राप्त संस्थान से जारी अवैध प्रमाण पत्र पाया जायेगा तो अभ्यर्थी एवं प्रमाण पत्र जारी करने वाली संस्था के विरूद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

अध्यक्ष

(हरि प्रसाद शर्मा)